# उठा दो मेरी मटकी ओ बंसी वाले

उठा दो मेरी मटकी ओ बंसी वाले,
ओ बंसी वाले ओ मुरली वाले......

ओरो की तूने मटकी उठाई,
मटकी उठाई तूने मटकी उठाई,
हमारी काहे पटकी ओ बंसी वाले,
उठा दो मेरी मटकी ओ बंसी वाले.....

ओरो की तूने गैया चराई,
गैया चराई तूने गैया चराई,
मेरी काहे भटकी ओ बंसी वाले,
उठा दो मेरी मटकी ओ बंसी वाले.....

ओरो का तूने माखन खाया,
माखन खाया तूने माखन खाया,
मेरी मटकी छिके लटकी ओ बंसी वाले,
उठा दो मेरी मटकी ओ बंसी वाले.....

ओरो को तूने चुनर ओढाई,
चुनर ओढाई तूने चुनर ओढाई,
मेरी चुनरी झाड़ी अटकी ओ बंसी वाले,
उठा दो मेरी मटकी ओ बंसी वाले.....

ओरो की नैया पार लगाई,
पार लगाई तूने पार लगाई,
मेरी क्यों भंवर अटकी ओ बंसी वाले,
उठा दो मेरी मटकी ओ बंसी वाले.....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/30484/title/utha-do-meri-matki-oh-bansi-wale

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |